नाम ..........................................................................................

129

# 322 (EK)

## 2024

## भूगोल

*समय : तीन घण्टे 15 मिनट ]* *[ पूर्णांक : 70*

***निर्देश :***

*(i)* ***प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं ।***

*(ii)* ***सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।***

*(iii)* *प्रश्न संख्या 1 से 8 तक बहुविकल्पीय प्रश्न हैं । प्रश्न संख्या 9 से 16 तक अति लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं, जिनका प्रत्येक उत्तर लगभग 20 शब्दों में, प्रश्न संख्या 17 से 22 तक लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं, जिनका प्रत्येक उत्तर लगभग 50 शब्दों में और प्रश्न संख्या 23 और 24 विस्तृत-उत्तरीय प्रश्न हैं, जिनका प्रत्येक उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए । प्रश्न संख्या 25 और 26 मानचित्र-सम्बन्धी प्रश्न हैं ।*

*(iv)* *सभी प्रश्नों के लिए निर्धारित अंक उनके सम्मुख अंकित हैं ।*

*(v)* *उपयुक्त रेखा-मानचित्रों एवं आरेखों द्वारा अपने उत्तरों की पुष्टि कीजिए ।*

---

### (बहुविकल्पीय प्रश्न)

*निम्नलिखित प्रश्नों के सही उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए :*

**1.** निम्नलिखित विद्वानों में से किसने नव-**निश्चयवाद** की संकल्पना प्रस्तुत की ? *1*

(अ) ई.सी. सेम्पल (ब) विडाल डि ला ब्लाश

(स) ग्रिफ़िथ टेलर (द) जीन ब्रून्स

**2.** मानव विकास की अवधारणा निम्नलिखित में से किस विद्वान की देन है ? *1*

(अ) प्रो. अमर्त्य सेन (ब) एलन सी. सेम्पल

(स) डॉ. महबूब-उल-हक (द) रेटज़ेल

**3.** निम्नलिखित में से कौन-सा प्राथमिक क्रियाकलाप *नहीं* है ? *1*

(अ) खनन (ब) कृषि

(स) परिवहन (द) आखेट

**4.** निम्नलिखित में से किस प्रकार की अर्थव्यवस्था में उत्पादन के कारकों पर स्वामित्व व्यक्तिगत होता है ? *1*

(अ) पूँजीवाद (ब) मिश्रित

(स) समाजवाद (द) उपर्युक्त में से कोई नहीं

5. निम्नलिखित में से किस राज्य में जनसंख्या का घनत्व सर्वाधिक है ? *1*

(अ) पंजाब (ब) उत्तर प्रदेश

(स) पश्चिम बंगाल (द) केरल

6. भारत में निम्नलिखित में से किस स्थान पर पहला परमाणु ऊर्जा केन्द्र स्थापित किया गया था ? *1*

(अ) राणा प्रताप सागर (ब) नरोरा

(स) कलपक्कम (द) तारापुर

7. निम्नलिखित में से किस राज्य से होकर इन्दिरा गाँधी नहर गुज़रती है ? *1*

(अ) उत्तर प्रदेश (ब) मध्य प्रदेश

(स) राजस्थान (द) हरियाणा

8. हल्दिया पत्तन (बन्दरगाह) अवस्थित है : *1*

(अ) तमिलनाडु में (ब) ओडिशा में

(स) पश्चिम बंगाल में (द) महाराष्ट्र में

## (अति लघु-उत्तरीय प्रश्न)

9. मानव भूगोल के विषय-क्षेत्र की व्याख्या कीजिए । *2*

10. मानव संसाधन से क्या तात्पर्य है ? *2*

11. लिंग अनुपात कैसे निर्धारित किया जाता है ? *2*

12. नगरीय अपशिष्ट (कूड़ा) प्रबन्धन का वर्णन कीजिए । *2*

13. चतुर्थक क्रियाकलापों की दो सेवाओं के नाम लिखिए । *1+1*

14. दो धात्विक खनिजों के नाम लिखिए । *1+1*

15. विश्व के किन्हीं दो प्रमुख समुद्री-पत्तनों (बन्दरगाहों) का उल्लेख कीजिए । *1+1*

16. मानव विकास को परिभाषित कीजिए । *2*

## (लघु-उत्तरीय प्रश्न)

17. चलवासी पशुचारण और वाणिज्य पशुधन पालन में विभेद कीजिए । *2+2*

18. विश्व में जनसंख्या के वितरण एवं घनत्व को प्रभावित करने वाले कारकों की विवेचना कीजिए । *2+2*

19. प्राथमिक एवं द्वितीयक गतिविधियों में विभेद कीजिए । *2+2*

20. प्रवास के उद्गम स्थल एवं गन्तव्य स्थल में विभेद कीजिए । *4*

21. भारत में पर्वतीय क्षेत्र विकास कार्यक्रमों की प्रमुख विशेषताओं का उल्लेख कीजिए । *1+1+1+1*

22. भारत में जल संरक्षण के महत्त्व का संक्षिप्त उल्लेख कीजिए । *4*

## (विस्तृत-उत्तरीय प्रश्न)

23. "मानव भूगोल क्रियाशील मानव तथा अस्थिर पृथ्वी के बीच परिवर्तनशील सम्बन्धों का अध्ययन है ।" इस कथन का परीक्षण कीजिए । 6

अथवा

ग्रामीण एवं नगरीय बस्तियों में विभेद कीजिए तथा उनकी प्रमुख विशेषताओं की विवेचना कीजिए । 3+3

24. भारत में लौह अयस्क के उत्पादन एवं वितरण का वर्णन कीजिए । 3+3

अथवा

सतत पोषणीय विकास के महत्त्व पर प्रकाश डालिए । 6

## (मानचित्र-सम्बन्धी प्रश्न)

25. **भारत** के दिए गए रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 9 पर) में निम्नलिखित को उपयुक्त चिह्नों द्वारा दर्शाइए और उनके नाम भी लिखिए :

(i) इस प्रदेश की राजधानी । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(ii) झारखण्ड राज्य का एक प्रमुख कोयला उत्पादक क्षेत्र । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(iii) भारत का एक प्रमुख नाभिकीय ऊर्जा केन्द्र । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(iv) भारत में सर्वाधिक जनसंख्या वाला राज्य । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(v) भारत में न्यूनतम लिंगानुपात वाला राज्य । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

*केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 25 के स्थान पर :*

*निर्देश : निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए । मानचित्र का प्रयोग न कीजिए ।*

(i) इस प्रदेश की राजधानी का नाम लिखिए । 1

(ii) झारखण्ड राज्य के एक प्रमुख कोयला उत्पादक क्षेत्र का नाम लिखिए । 1

(iii) भारत के एक प्रमुख नाभिकीय ऊर्जा केन्द्र का नाम लिखिए । 1

(iv) भारत में सर्वाधिक जनसंख्या वाले राज्य का नाम लिखिए । 1

(v) भारत में न्यूनतम लिंगानुपात वाले राज्य का नाम लिखिए । 1

26. **विश्व** के दिए गए रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 11 पर) में निम्नलिखित को उपयुक्त चिह्नों द्वारा दर्शाइए और उनके नाम भी लिखिए :

(i) न्यूनतम जनसंख्या वाला महाद्वीप । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(ii) जापान की राजधानी । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(iii) सर्वाधिक मानव विकास सूचकांक वाला देश । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(iv) मध्य अमेरिका की जहाजी नहर । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(v) भूमध्य सागर पर स्थित एक समुद्री-पत्तन (बन्दरगाह) । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

***केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 26 के स्थान पर :***

***निर्देश :*** *निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए । मानचित्र का प्रयोग न कीजिए ।*

(i) न्यूनतम जनसंख्या वाले महाद्वीप का नाम लिखिए । *1*

(ii) जापान की राजधानी का नाम लिखिए । *1*

(iii) सर्वाधिक मानव विकास सूचकांक वाले देश का नाम लिखिए । *1*

(iv) मध्य अमेरिका की जहाजी नहर का नाम लिखिए । *1*

(v) भूमध्य सागर पर स्थित एक समुद्री-पत्तन (बन्दरगाह) का नाम लिखिए । *1*

## (English Version)

***Instructions :***

*(i)* *First 15 minutes are allotted for the candidates to read the question paper.*

*(ii)* ***All** questions are **compulsory**.*

*(iii)* *Questions No. 1 to 8 are Multiple Choice Type Questions. Questions No. 9 to 16 are Very Short-Answer Type Questions, to be answered in about 20 words each, Questions No. 17 to 22 are Short-Answer Type Questions, to be answered in about 50 words each and Questions No. 23 and 24 are Long-Answer Type Questions, to be answered in about 150 words each. Questions No. 25 and 26 are Map-related Questions.*

*(iv)* *Marks allotted to all the questions are mentioned against them.*

*(v)* *Illustrate your answers with suitable sketch maps and diagrams.*

## (Multiple Choice Type Questions)

*Write the correct answers of the following questions in your answer-book :*

1. Who amongst the following scholars presented the concept of Neo-Determinism ? *1*

   (a) E.C. Semple (b) Vidal de La Blache

   (c) Griffith Taylor (d) Jean Brunhes

2. Who amongst the following scholars presented the concept of human development ? *1*

   (a) Prof. Amartya Sen (b) Ellen C. Semple

   (c) Dr. Mahbub-ul-Haq (d) Ratzel

3. Which one of the following is ***not*** a primary activity ? *1*

   (a) Mining (b) Agriculture

   (c) Transport (d) Hunting

4. In which of the following types of economy are the factors of production owned individually ? *1*

   (a) Capitalist (b) Mixed

   (c) Socialist (d) None of the above

5. Which one of the following states has the highest density of population ? *1*

   (a) Punjab (b) Uttar Pradesh

   (c) West Bengal (d) Kerala

6. At which of the following places was the first atomic power station of India started ? *1*

   (a) Rana Pratap Sagar (b) Narora

   (c) Kalpakkam (d) Tarapur

7. Through which one of the following states does the Indira Gandhi Canal pass ? *1*

   (a) Uttar Pradesh (b) Madhya Pradesh

   (c) Rajasthan (d) Haryana

8. Haldia port is located in : *1*

   (a) Tamil Nadu (b) Odisha

   (c) West Bengal (d) Maharashtra

## (Very Short-Answer Type Questions)

9. Explain the scope of Human Geography. *2*

10. What is meant by Human Resource ? *2*

11. How is sex ratio determined ? *2*

12. Describe urban waste management. *2*

13. Write the names of two services of quaternary activities. *1+1*

14. Write the names of two metallic minerals. *1+1*

15. Mention any two major sea-ports of the world. *1+1*

16. Define Human Development. *2*

## (Short-Answer Type Questions)

17. Differentiate between Nomadic Herding and Commercial Livestock Rearing. *2+2*

18. Discuss the factors influencing the distribution and density of population in the world. https://www.upboardonline.com *2+2*

19. Differentiate between primary and secondary activities. *2+2*

20. Differentiate between place of origin and place of destination of migration. *4*

21. Mention the major characteristics of Hill Area Development Programmes in India. *1+1+1+1*

22. Briefly mention the importance of water conservation in India. *4*

## (Long-Answer Type Questions)

23. "Human geography is the study of the changing relationship between the unresting man and the unstable earth." Examine this statement. *6*

**OR**

Differentiate between rural and urban settlements and discuss their major characteristics. *3+3*

24. Describe the production and distribution of iron ore in India. *3+3*

**OR**

Highlight the importance of sustainable development. *6*

## (Map-related Questions)

**25.** Show the following by suitable symbols in the given outline map of **India** (on Page 9) and write their names also :

(i) The capital city of this State. $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(ii) An important coal producing area of Jharkhand State. $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(iii) One important atomic energy centre of India. $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(iv) The State with the largest population in India. $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(v) The State with the lowest sex ratio in India. $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

***Only for visually-impaired examinees in place of Question No. 25 :***

***Instructions :*** *Write the answers of the following questions in your answer-book. Do **not** use the map.*

(i) Write the name of the capital city of this State. *1*

(ii) Write the name of an important coal producing area of Jharkhand State. *1*

(iii) Write the name of one important atomic energy centre of India. *1*

(iv) Write the name of the State with the largest population in India. *1*

(v) Write the name of the State with the lowest sex ratio in India. *1*

**26.** Show the following by suitable symbols in the given outline map of the **World** (on Page 11) and write their names also :

(i) The continent with the lowest population. $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(ii) The capital city of Japan. $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(iii) The country with the highest Human Development Index. $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(iv) The shipping canal of Central America. $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(v) A sea-port on the Mediterranean Sea. $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

*Only for visually-impaired examinees in place of Question No. 26 :*

***Instructions :*** *Write the answers of the following questions in your answer-book. Do **not** use the map.*

(i) Write the name of the continent with the lowest population. *1*

(ii) Write the name of the capital city of Japan. *1*

(iii) Write the name of the country with the highest Human Development Index. *1*

(iv) Write the name of the shippping canal of Central America. *1*

(v) Write the name of a sea-port on the Mediterranean Sea. *1*